संक्षिप्त

रथ यात्रा का नगर में प्रवेश आज

राजसमंद, । अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रज्वलित अखंड दीपक की जन्म शताब्दी के अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार से निकाली जा रही ज्योति कलश यात्रा का गुरूवार को नगर में प्रवेश होगा। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक गिरजाशंकर पालीवाल ने बताया कि प्रातः रथ सुन्दरचा से रवाना होकर फरारा, बडारडा आदि गांवों में भ्रमण कर बजरंग चौराहे से मालीवाडा, रैगर बस्ती, कलाल वाटी, मंडा होते हुए सायंकाल 6 बजे पुरानी कलेक्ट्री परिसर पहुंचेगा, जहां पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, जन प्रतिनिधियों, नागरिकों एवं आमजन द्वारा शक्ति कलश का पूजन एवं नागरिक अभिनंदन संपन्न होगा। इस अवसर पर 2000 दीपकों से दीप यज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा।

250 बच्चों ने किया भ्रमण

भीण्डर । प्रदेश सरकार के राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत प्रतिभावान बच्चों को राज्य के बाहर भ्रमण ले जाने के कार्यक्रम में भीण्डर की भूमिका आमेटा सहित 250 बच्चों को गुजरात के अहमदाबाद का भ्रमण करवाया गया। भीण्डर के महात्मा गांधी इंग्लिष मीडियम स्कूल के पंकज आमेटा ने बताया कि इस अभियान के तहत उदयपुर संभाग के उदयपुर, बांसवाड़ा, राजसमंद, प्रतापगढ़, डूंगरपुर जिले के कुल 250 बच्चों को अहमदाबाद ले जाया गया। वहां पर बच्चों ने तीन दिवसीय 10 से 12 फरवरी तक अयोजित भ्रमण कार्यक्रम में अहमदाबाद शहर के विभिन्न पर्यटन स्थल, साइंस पार्क तथा अक्षरधाम मंदिर का भ्रमण किया।

छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

राजसमंद,। जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय की 200 बालिकाओं को पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यालय के शा.शि रमेश बढाना एवं एकता डोकवाल के सानिध्य में 15 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। प्राचार्य घनश्याम मीणा ने बताया की पीएम श्री योजना के अंतर्गत राउप्रावि भामाखेडा के शा.शि कैलाश कुंवर द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत 200 बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाया जा रहा हैं।

उप रजिस्ट्रार का किया स्वागत

राजसमंद, । सहकारी समितियां विभाग राजसमंद के उप रजिस्ट्रार पद पर विनोद कुमार कोठारी के स्थानांतरित होकर राजसमंद आने पर महावीर मंच कांकरोली ने शॉल, पगडी व ऊपरना ओढाकर स्वागत किया गया। इस दौरान मंच अध्यक्ष दिनेश बाबेल, संरक्षक सुशील बडाला, महामंत्री सूरज रातडिया, नवरत्न संचेती, राजेंद्र हिंगड, सुनील चव्हाण, पारसचंद जैन, कैलाश तलेसरा सहित सदस्य मौजूद थे।

35 प्रतिशत की सब्सिडी से अधिकाधिक किसानों को लाभान्वित करें : कलैक्टर

■ प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

राजसमंद, । भारत सरकार प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण यूनिट लगाने पर 35 प्रतिशत सब्सिडी (अधिकतम 10 लाख) दे रही है। कोई भी व्यक्ति, किसान, एफपीओ, एनजीओ, एसएचजी, कंपनी आदि इस योजना में आवेदन कर सकते हैं। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने पीएमएफएमई के सफल क्रियान्वयन को लेकर बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न हितधारकों के साथ बैठक ली।

बैठक में जिला कलक्टर ने पीएमएफएमई के तहत बैंकों के पास प्राप्त आवेदन और लोन स्वीकृति की समीक्षा की। उन्होंने पुराने आवेदन लंबित होने पर बैंकों से कहा कि समस्त लंबित आवेदन शीघ्र से शीघ्र निस्तारित करें जिससे किसान समुचित ढंग से लाभान्वित हो सकें। कलक्टर ने कहा कि कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, जिला उद्योग केंद्र, राजीविका मिलकर लोगों को प्रसंस्करण यूनिट लगाने के लिए प्रेरित करें ताकि भारत सरकार की यह कल्याणकारी योजना सफल हो सकें। जिला कलक्टर असावा ने कहा कि जिले में होने वाले स्थानीय उपज को देखते हुए उसके अनुसार प्रसंस्करण के लिए लोगों को तैयार कर सकते हैं। उन्होंने अपनी ओर से टमाटर कैचअप, स्ट्रॉबेरी ज्यूस, एलोवेरा ज्यूस, पॉप कॉर्न, आंवला प्रोसेसिंग यूनिट, डिहाइड्रेशन यूनिट सहित अन्य प्रॉडक्ट्स पर विचार करने का सुझाव दिया। कलक्टर ने राजीविका को निर्देश दिए कि एसएचजी महिला उद्यमियों को खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में व्यवसाय करने के लिए तैयार करें और उन्हें इस योजना के माध्यम से आर्थिक सहयोग दिलवाएं। कलक्टर ने बैंकवार समीक्षा करते हुए सभी बैंकों के प्रतिनिधियों से कहा कि पीएमएफएमई में प्राप्त आवेदनों को समय पर स्वीकृत करें और बिना ठोस कारण पेंडिंग नहीं रखें। कलक्टर ने लंबित आवेदनों पर एक सप्ताह में कार्यवाही करते हुए शीघ्र निस्तारण के आदेश प्रदान किए। नवीन आवेदन के लिए विभागवार एवं जिला रिसोर्स पर्सन के अनुसार लक्ष्य प्रदान कर फरवरी माह के अंत तक प्रगति प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मक्का, आंवला, सीताफल, स्ट्रॉबेरी आदि के प्रसंस्करण एवं महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने व अंतर विभागीय समन्वय पर बल दिया साथ ही योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए निर्देश प्रदान किए। बैठक में लीड बैंक प्रबंधक, मुख्य प्रबंधक, संयुक्त निदेशक कृषि, उपनिदेशक सामाजिक न्याय अधिकारिता, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, उपनिदेशक उद्यानिक, उप रजिस्ट्रार सहकारिता, राजीविका, जिले के बैंकर्स, योजना के जिला रिसोर्स पर्सन आदि सम्मिलित हुए। कृषि मण्डी सचिव मोहित रावल ने बैठक में सभी को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना की विस्तृत जानकारी दी। इस तरह के प्लांट लगा सकते हैं इच्छुक व्यक्ति योजना के तहत अचार निर्माण, पापड निर्माण, बडी निर्माण, ब्रेड निर्माण, बिस्कुट निर्माण, चनाचूर उत्पादन, चिप्स निर्माण, कुकुरे निर्माण, जैम जैली निर्माण, ज्यूस (फ्रूट ज्यूस पैक्ड), साबुदान निर्माण, पेठा निर्माण, नमकीन/मिक्चर अन्य, सेवई निर्माण, आइसकैंडी निर्माण, सत्तू निर्माण, दाल निर्माण, पेडा निर्माण, पनीर निर्माण, गजक, चिकी, हल्दी, मसाला, मिर्च पाउडर, गरम मसाला, पोहा, शहद, उपमा, चना भुजा, चिवडा, ड्राई फ्रुट कैचअप, सोस पास्ता, मेक्रोनी मूढी धान, आइसक्रीम आदि प्रसंस्करण के यूनिट लगाए जा सकते हैं। आमजन कृषि मंडी सचिव या राज्य स्तरीय हेल्पलाइन 9829002699 से सीधा संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं।

ज्ञानशाला की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

राजसमंद, । जिला मुख्यालय स्थित प्रज्ञा विहार कांकरोली में ज्ञानशाला के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक मुनि उदित कुमार के सानिध्य में सुंदर कॉलोनी और नया बाजार ज्ञानशाला के बच्चों एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान ज्ञानशाला के नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए हिस्सा लिया। कार्यशाला का शुभारंभ दोनों ज्ञानशाला के ज्ञानार्थीयों द्वारा अर्हम अर्हम की वंदना से मंगलाचरण किया। सभा मंत्री धनेंद्र मेहता ने स्वागत उद्बोधन दिया। मेवाड आंचलिक संयोजिका नीता सोनी ने ज्ञानशाला की संक्षिप्त जानकारी दी। ज्ञानशाला के बच्चों ने कंठस्थ ज्ञान मुनि के सामने सुनाया। अणुविभा संयोजक संचय जैन अपने विचार रखें। मुनि उदितकुमार ने कहानी के माध्यम से बताया हमें हमेशा निडरता व सूझबूझ से कार्य करना चाहिए। बच्चों व प्रशिक्षिकाओं को अच्छा काम करने की प्रेरणा दी। संचालन ज्ञानशाला सह संयोजिका खुशी तलेसरा ने किया।

भूल सुधार

राष्ट्रदूत उदयपुर के 11 फरवरी 2025 के अंक में प्रकाशित पेज नम्बर 3 पर एडवोकेट प्रवीण देवपुरा की आम सूचना में श्रीमती हीरादेवी पत्नी श्री देवेन्द्र पगारिया निवासी हाथीनाड़ा कांकरोली, तहसील व जिला राजसमंद पढ़ा जावें।

वि.प्र.

कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़, जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांकः न.पा.फ.स./2024-25/2560 दिनांकः 12.2.25

-:: लोक सूचना ::-

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षैत्र कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के लिये उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन नियम 2012 के तहत् प्रारूप 14 नियम 16 के अर्न्तगत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। किसी व्यक्ति को उक्त भूमि का नियमितिकरण संबंधी आपत्ति हो तो प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेज के पालिका में प्रस्तुत करें। बाद मयाद आवेदक के नाम से नियमन कर दिया जाएगा। जिसके पड़ौस रजिस्ट्री पत्र/विक्रय इकरार नामा के आधार पर निम्नानुसार है-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा नम्बर	ले-आउट अनुसार भूखण्ड संख्या	क्षैत्रफल वर्गफीट	क्षैत्र का नाम	पड़ौस
1.	श्री कैलाश चन्द्र शर्मा पिता श्री मीठुलाल जी शर्मा निवासी-फलासिया, तह.-कपासन, जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)	सनवाड़	1211	Nil	1000 वर्गफीट	वार्ड न. 04 नगरपालिका कार्यालय के पीछे, सनवाड	पूर्व- सुरेश चन्द्र शर्मा का भुखण्ड पश्चिम- अन्य भुखण्ड उत्तर- भैरूलाल प्रजापत का भुखण्ड दक्षिण- रोड 30 फिट

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका फतहनगर-सनवाड़

प्रीमियर लीग का आज समापन

राजसमंद । जिला मुख्यालय स्थित जेके स्टेडियम में आयोजित चार दिवसीय राजपूत क्रिकेट प्रीमियर लीग प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को टीमों ने स्पर्द्धा के अंतिम दौर में पहुंचने के लिए अपना पूरा दमखम लगा दिया। गुरूवार को सेमी फाइनलू व फाइनल मुकाबले के साथ स्पर्द्धा का समापन होगा। रॉयल राजपूत गु प के तत्वावधान में पहली बार आयोजित प्रतियोगिता के तहत आखरी दिन दोपहर में सेमी फाइनल मैच खेले जाएंगे तथा इसके बाद फाइनल मुकाबला होगा। बुधवार को सुबह गु प सदस्य गणपत सिंह, हिम्मतसिंह, महेन्द्रसिंह चुण्डावत, डूंगरसिंह, भूपेन्द्रसिंह राठौड सहित कार्यकर्ताओं ने जयघोष के साथ मैच शुरू कराए। इसके बाद दिनभर में कई मुकाबले हुए तथा प्रतियोगिता के अंतिम दौर में जगह बनाने के लिए सभी टीमों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। इसके चलते मैच काफी रोचक रहे। जिसमें बीएन मार्बल्स दोवड, आशापुरा ढाणी एवं न्यू श्रीनाथ क्लब गोलाया ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया।

'मानव में सभी के प्रति सद्भावना बनी रहे'

■ सद्भावना और शुद्ध भावों के विकास की दी प्रेरणा

राजसमंद, । मर्यादा महोत्सव, दीक्षा समारोह आदि अनेक आयोजनों सहित सत्रह दिवसीय प्रवास कर रहे जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्य महाश्रमण ने बुधवार को कच्छी पूज समवसरण में उपस्थित श्रद्धालुओं को पावन पाथेय प्रदान करते हुए कहा कि यह पुरुष अनेक चित्तों वाला होता है। प्राणी के भीतर कार्मण शरीर होता है।

जैन विद्या में पांच प्रकार के शरीर बताए गए हैं-औदारिक, वैक्रिय, आहारक, तैजस और कार्मण। इनमें से औदारिक शरीर जो हमें दिखाई देता है। यह शरीर मनुष्य और तिर्यंच को शरीर प्राप्त है। यह ऐसा शरीर है, जिसके अस्तित्व में साधना करके आदमी इसी जन्म के बाद मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। दूसरा जो वैक्रिय शरीर होता है, वह देवों और नारकीय जीवों को प्राप्त होता है। उनके औदादिक शरीर नहीं होता है। आहारक शरीर केवल मनुष्य को ही होता है और वह भी हर मनुष्य को नहीं होती है। जो विशेष साधक अथवा साधु होते हैं, जिनमें आहारक शरीर रह सकता है। चौथा शरीर तैजस होता है।

यह शरीर मनुष्य, पशु, देवों, नारकीय या यों कहें कि हर संसारी प्राणियों के होता है। वह सूक्ष्म शरीर होता है। पांचवां शरीर कार्मण शरीर होता है। यह सूक्ष्मतर शरीर होता है जो हर सांसारिक प्राणी को होता है। यह कार्मण शरीर बडा महत्वपूर्ण है। हमारे भावों के जड में यह कार्मण शरीर है। यह शरीर मानों सभी का संचालन भी करता है। एक गति से दूसरे गति में ले जाने वाला और भेजने वाला कार्मण शरीर ही होता है। आदमी का भाव कैसा है, वह भी कार्मण शरीर ही होता है। इस कार्मण शरीर के कारण भावों विकृति आ जाती है और आदमी के भावों की शुद्धि कार्मण शरीर के अप्रभावी होने के कारण बनता है। यह पुरुष अनेक चित्तोंध्भावों वाला होता है। आदमी कभी गुस्से में कभी अहंकारए कभी छली बन गया तो कभी शांत भी रह सकता है। तेरापंथ धर्म संघ के कार्यकर्ता एवं साहित्य प्रचारक समन्वयक राजकुमार दक ने बताया कि आचार्य श्री महाश्रमण ने प्रेरणा देते हुए कहा कि आदमी को ऐसा प्रयास करना चाहिए कि जितना संभव हो सके उसके भीतर दुर्भाव न आए और सभी के प्रति सद्भावना बनी रहे। धर्म की साधना और आराधना के द्वारा मोहनीय कर्म पर प्रहार किया जाता है तो दुर्भावना कम हो सकती है और आदमी को सद्भावना का विकास करने के प्रयास करना चाहिए। धर्म-अध्यात्म की साधना के द्वारा आदमी दुर्भावना से बच भी सकता है और विचारों की उन्नति भी हो सकती है।

हाथों के हुनर से बच्चों ने उकेरे चित्र

राजसमंद,। जिला मुख्यालय स्थित विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रधान शंकरलाल पालीवाल एवं माधवी मिश्रा ने माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से दसवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। कक्षानुसार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को संस्था प्रधान शंकरलाल पालीवाल एवं बालिका विद्यालय के माधवी मिश्रा ने पुरस्कार वितरण किया। इस दौरान कौशल्या मूंदडा, गायत्री गौरवा, वर्षा खंडेलवाल, संगीता पालीवाल, लहरुलाल, प्रीतिबला, संगीता राजपूत, इंदु शर्मा, भरत आदि मौजूद थे।

कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़, जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांकः न.पा.फ.स./2024-25/2559 दिनांकः 12.2.25

-:: लोक सूचना ::-

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षैत्र कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के लिये उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन नियम 2012 के तहत् प्रारूप 14 नियम 16 के अर्न्तगत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। किसी व्यक्ति को उक्त भूमि का नियमितिकरण संबंधी आपत्ति हो तो प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेज के पालिका में प्रस्तुत करें। बाद मयाद आवेदक के नाम से नियमन कर दिया जाएगा। जिसके पड़ौस रजिस्ट्री पत्र/विक्रय इकरार नामा के आधार पर निम्नानुसार है-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा नम्बर	ले-आउट अनुसार भूखण्ड संख्या	क्षैत्रफल वर्गफीट	क्षैत्र का नाम	पड़ौस
1.	श्री सुरेश चन्द्र शर्मा पिता श्री मीठुलाल जी शर्मा निवासी-फलासिया, तह.-कपासन, जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)	सनवाड़	1211	Nil	1000 वर्गफीट	वार्ड न. 04 नगरपालिका कार्यालय के पीछे, सनवाड	पूर्व-रोड़ 30 फिट पश्चिम- कैलाश चन्द्र शर्मा का भुखण्ड उत्तर- भैरूलाल प्रजापत का भूखण्ड दक्षिण- रोड 30 फिट

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका फतहनगर-सनवाड़

शुभ मुहूर्त में हुआ होली डंडा रोपण

राजसमंद, जिला मुख्यालय स्थित पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास के प्रभु श्री द्वारकाधीश मन्दिर के तृतीय पीठाधीश्वर गोस्वामी डॉ वागीश कुमार महाराज की आ?ज्ञानुसार माघ शुक्ल पक्ष माघी पूर्णिमा बुधवार को प्रातः 6:15 बजे प्रभु को मंगल भोग के बाद होली डंडा रोपण के लिए मन्दिर मण्डल और काश्त?कार पंच लोग होली का डंडा लेकर ढोल के साथ रेती मौहल्ला, सब्जी मंडी, मैन चौपाटी होते हुए जेके मोड स्थित होली थडा पहुंचे।

इसके बाद मन्दिर पण्डित बिन्दुलाल शर्मा ने मंत्र उच्चारण एवं विधि-विधान से होली डंडा का पूजन करवाया। वहीं काश्तकार पंचों व मन्दिर मण्डल द्वारा होली रोपण सेवा अर्पित की। इस दौरान मन्दिर परचनिया अधिकारी हितेश सनाढ्य, कोठा विभाग प्रभारी गिरिश रावल, कमलेश पालीवाल, समाधानी द्वारका प्रसाद पालीवाल, सोहनलाल पूर्बिया, भरत कुमावत, आशीष गौरवा सहित सेवादार व श्रद्धालु उपस्थित थे। डंडा रोपण के बाद प्रातः 7:30 बजें मंगला झांकी के दर्शन खुले। मंगला आरती गोस्वामी संजीव कुमार महाराज ने की। इसके बाद प्रातः 9:15 बजें श्रृंगार के दर्शन हुए। श्रृंगार में प्रभु को मस्तक पर श्याम खिडकी की छज्जेदार पाग उस पर सादा चन्द्रिका, श्वेत चाकदार वागा, वैसी ही सुथन श्याम मौजा तथा लाल कटिका पटका, सोने के आभरण एवं चार कर्ण फूल के श्रृंगार के साथ चौवा की चौली एवं लाल रेशमी ठाडे वस्त्र श्याम गद्दल का श्रृंगार धराया गया।

वकीलों की 5 प्रमुख मांगें, ज्ञापन सौंपा

कपासन । कपासन में राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच और बार एसोसिएशन के सदस्यों ने मंगलवार को एसडीएम राजेश सुवालका के माध्यम से मुख्यमंत्री को पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता संघ के जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद व्यास ओर बार एसोसिएशन अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को ज्ञापन सौंपा ।

मुख्य मांगों में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग शामिल है। साथ ही 65 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके और 30 वर्ष की वकालत पूरी कर चुके अधिवक्ताओं के लिए पेंशन योजना की मांग की गई। अधिवक्ताओं के लिए विशेष मेडिकल क्लेम और बीमा पॉलिसी की व्यवस्था, न्यायिक कार्य के दौरान टोल टैक्स में छूट ओर नए अधिवक्ताओं को प्रारंभिक 5 वर्षों तक 10,000 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता देने की मांग प्रमुख है।इस अवसर पर बार एसोसिएशन कपासन के अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव, वरिष्ठ अधिवक्ता रूप सिंह राणावत, मोहनलाल गाडरी, लक्ष्मी शंकर जाट, सुरेश बाफना, हिम्मत सिंह, निर्मल मीणा, फिरोज अली, भैर शंकर गौड, अभय चपलोत, रमन जाट, शांतिलाल कन्हैया लाल वैष्णव और प्रवीण दाधीच सहित कई प्रमुख अधिवक्ता उपस्थित रहे।

समुद्री सजीव संसाधन और पारिस्थितिकी केन्द्र

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार अटल भवन,एल.एन.जी. रोड, पुथुवाइप कोच्चि-682508 CCAMLR

टेली.नं. 0484 294 4004

अंटार्कटिक जल में मछली पकड़ने में रूचि व्यक्त करने का आव्हान

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय, समुद्री सजीव संसाधन एवं पारिस्थितिकी केन्द्र (सीएमएलआरई) आगामी मछली पकड़ने के मौसम (2025-26) के लिए अंटार्कटिक, समुद्री सजीव संसाधन संरक्षण आयोग (सीसीएएमएलआर) द्वारा प्रशासित अंटार्कटिक जल में क्रिल या टूथफिश के लिए मछली पकडने की इच्छा रखने वाली योग्य भारतीय फर्मो से रूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।

CCAMLR एक अंतर-सरकारी निकाय है जो दक्षिणी महासागर में समुद्री जीवित संसाधनों के संरक्षण और सतत प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है। इस कन्वेंशन के स्थायी सदस्य के रूप में, भारत मछली पकडने के लाइसेंस/परमिट जारी करने का हकदार है, जो स्थापित संरक्षण उपायों के अनुपालन को सुनिश्चित करता है। उच्च समुद्र में मछली पकडने का अनुभव रखने वाली भारतीय फर्मे और अंटार्कटिक जल से क्रिल या टूथ मछलियों को पकडने के लिए उपयुक्त रूप से सुसज्जित जहाज सीएमएलआरई को ईमेल के माध्यम से director@cmire.gov.in/sendhil.r@cmira.gov.in पर एक संक्षिप्त कंपनी प्रोफाइल और आशय के बयान के साथ अपना ईओआई पंजीकृत कर सकते है।

वे भारतीय कंपनियां जो खुले समुद्र मं मछली पकडने में सक्षम बर्फ-श्रेणी के मजबूत जहाज की मालिक है या बेयरवोट चार्टर समझैते के माध्यम से ऐसे जहाजों और चालक दल को किराये पर लेने में सक्षम है और सीसीएएमएलआर क्षेत्र में मछली पकडने की पेचीदगियों की समझ रखती है वे अपना ईओएल पंजीकृत करने के लिए पात्र है।

सहायक दस्तावेजों के साथ ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के जारी होने की तिथि से 10 दिनों के भीतर है।

दिनांक-12.02.2025

भारत सरकार के अवर सचिव

सीएमएलआरई कोच्चि

CBC 12110/11/0003/2425

नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन शिविर में 88 बच्चें हुए लाभान्वित

राजसमंद, । राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय गणेश नगर में बुधवार को 12वां नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन शिविर आयोजित हुआ। जिसमें 88 बच्चों को स्वर्ण प्राशन की दवा पिलाई गई। शिविर प्रभारी डॉ परसराम योगी ने बताया कि शिविर में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वस्थ्य जीवन शैली के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों में बिगडते खान-पान, खराब दिनचर्या एवं रहन सहन से बच्चों की शारीरिक एवं मानसिक रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है।

यह स्वर्ण प्राशन ड्रॉप्स बच्चों के रोग प्रतिरोधक शक्ति बढाने, बच्चों में स्टेमिना, शार्पनेस बढाने के साथ अनेक रोगों के बचाव में भी अति लाभप्रद है। अगला शिविर 12 मार्च 2025 को आयोजित होगा। इस दौरान शिविर में डॉ अजय दाधीच, कम्पा. रुपलाल गवारिया, नर्स पूनम सुखवाल एवं परिचारक हरिशंकर जोशी ने सेवाएं दी।

स्वामी रामचरण की जयंती मनाई

कपासन । कपासन में रामस्नेही संप्रदाय के प्रवर्तक और आधाचार्य स्वामी रामचरण जी की 305वीं जन्म जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संप्रदाय के मुख्य ग्रंथ श्रीमद् वाणी जी की शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

श्री कल्याणराय जी मंदिर चौक से प्रारंभ हुई शोभायात्रा में ईडर (गुजरात) से पधारे संत श्री रामकृपाल जी, श्री रामजसजी और आत्माराम जी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मांगीलाल सोमानी अणभेय वाणी को सिर पर धारण कर चल रहे थे, जबकि समाज के लोग चंवर ढोलते चल रहे थे। युवक युवतियों नृत्य नाचते गाते हुए चल रहे थे।

शोभायात्रा पिपली बाजार, लोडकिया बाजार, खारी बावडी बालाजी, पुराना बस स्टैंड और पांच बत्ती चौराहे से होते हुए श्री रामद्वारा पहुंची।रामद्वारा में संत श्री रामकृपाल जी महाराज ने वाणी जी का पाठ किया। उपस्थित संतों ने अपने प्रवचनों में स्वामी रामचरण जी द्वारा किए गए चमत्कारों का स्मरण करते हुए बताया कि उन्होंने निराश लोगों को निर्गुण भक्ति से जोड़कर सत्य, अहिंसा, दया और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। रामद्वारा महिला मंडल ने गौशाला में गायों को हरा चारा खिलाया विजयवर्गीय समाज के अध्यक्ष राज विजयवर्गीय, पवन विजयवर्गीय, रामद्वारा ट्रस्ट अध्यक्ष दामोदर सोमानी, ट्रस्टी सत्यनारायण सोमानी, अनिल सोमानी, प्रहलाद राय डाड, कमलेश डाड सहित आदि मौजूद रहे।

न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड

न्यूक्लियर पावर कारपोरशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम) (ए गवर्नमेंट ऑफ इण्डिया एंटरप्राइज)

रावतभाटा राजस्थान साइट रावतभाटा राजस्थान साइट

चेतावनी सूचना

राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर में/जयपुर बैंच

डीबी/एसबी सिविल रिट याचिका संख्या/ 2025

गिरफ्तार याचिकाकर्ता — एनपीसीआईएल का कोई भी व्यक्ति/कर्मचारी/पूर्व कर्मचारी

बनाम

केवेटर/प्रस्तावित प्रतिवादी — न्यूक्लियर पावर कॉपारेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और अन्य

राजस्थान उच्च न्यायालय के नियम 159 के तहत कैविएट में प्रवेश के लिए आवेदन

माननीय सदस्यों, कृपया वह स्वीकार करें-

विनम्र आवेदक राजस्थान उच्च न्यायालय नियम के नियम 159 के तहत कैविएट दर्ज करना चाहता है और जब तक मामले में आवेदकों की सुनवाई नहीं हो जाती, तब तक कुछ भी नहीं होने देना चाहता है। रिट याचिका का विवरण, जो दायर होने की संभावना है, नीचे दिया गया है-

रिट याचिका निम्नलिखित में से किसी भी व्यक्ति द्वारा दायर की जा सकती है एनपीसीआईएल का कोई भी व्यक्ति/कर्मचारी/पूर्व कर्मचारी रिट याचिका संभवत निम्नलिखित के विरूद्ध दायर की गई है

1. न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटड, मुंबई।, 2. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), न्यूक्लियर, पावर कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल), मुबई।, 3. निदेशक (मानव संसाधन), एमपीसीआईएल,मुम्बई।, 4. साइट निदेशक, एनपीसीआइएल, रावतभाटा साइट, 5. एनपीसीआईएल के निदेशक मंडल

रिट याचिका एनपीसीआईएल के किसी भी व्यक्ति/कर्मचारी/पूर्व कर्मचारी द्वारा एनपीसीआईएल परिभाषित अंशदान पेंशन योजना 2025 (स. एनपीसीआईएल/एचआरपी/45/1/18/2025/25, महाप्रबंधक (एचआरपी), एनपीसीआईएल, मुंबई द्वारा जारी) के अनुसरण में दायर किए जाने की संभावना है। एनपीसीआईएल परिभाषित अंशदान पेंशन योजना 2025 से संबंधित दायर की गई ऐसी किसी भी डीबी/एसबी सिविल रिट याचिका का हमारे द्वारा विरोध किया जाएगा।

जो याचिका दायर की जाएगी वह रिट याचिका होगी।

एनपीसीआईएल की ओर से वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन), एनपीसीआईएल, रावतभाटा द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित बकालतनामा यहां प्रस्तुत किया गया है।

अतः विनम्र निवेदन है कि आवेदन की सुनवाई होने तक मामले में कुछ भी न किया जाए।

दिनांक-12.02.2025

जोधपुर/जयपुर

विनम्र आवेदक के माध्यम से

ललित परिहार (एडवोकेट)

मोबाइल नं. 9571176368

CBC 48157/12/0001/2425

डॉ. मनीषा वाजपेयी प्रबंध समिति सदस्य चयनित

■ राजस्थान से एकमात्र निर्वाचित सदस्य

उदयपुर । पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के आईवीएफ विभाग की साइंटिफिक डायरेक्टर डॉ.मनीषा वाजपेयी को भारत की प्रतिष्ठित इंडियन सोसाइटी फॉर असिस्टेड रिप्रोडक्शन (आईएसएआर) की प्रबंध समिति (मैनेजिंग कमेटी) के सदस्य के रूप में चुना गया है। गौरतलब है कि डॉ. मनीषा राजस्थान से एकमात्र निर्वाचित सदस्य हैं। भारत में इनफर्टिलिटी (बांझपन) विशेषज्ञों की सबसे प्रतिष्ठित और बड़ी सोसाइटी में से एक आईएसएआर से देशभर के लगभग 6,500 सदस्य जुड़े हुए हैं। इस महत्वपूर्ण घोषणा को वार्षिक आईएसएआर सम्मेलन में किया गया, जिसमें डॉ. वाजपेयी को क्लिनिशियन और एम्ब्रायोलॉजिस्ट वर्ग में सर्वाधिक मत प्राप्त हुए। डॉ.वाजपेयी ने बताया कि प्रबंध समिति के सदस्य के रूप में कार्य करना उनके लिए एक अनोखा और अत्यंत संतोषजनक अनुभव होगा।

समिति की बैठक में देश के ख्याति प्राप्त प्रजनन विशेषज्ञों जैसे कि डॉ.अमित पटकी,डॉ.नंदिता पालशेतकर,डॉ. रेशमा ढिल्लों पई,डॉ.हृषिकेश पई,डॉ.माधुरी पाटिल और अन्य वरिष्ठ विशेषज्ञ उपस्थित रहें। कॉन्फ्रेस में डॉ.मनीषा वाजपेयी ने कई महत्वपूर्ण सत्रों में भी भाग लिया। उन्होंने ' स्पर्म चयन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका पर एक पैनल का संचालन किया। साथ ही उन्होंने 'भ्रूण संवर्धन (एम्ब्रियो कल्चर) में तापमान नियंत्रण ' विषय पर व्याख्यान दिया और ' गैमेट हैंडलिंग और आईवीएफ(आईवीएफ) प्रक्रियाओं में आनुवंशिकी(जेनेटिक) के सर्वश्रेष्ठ तरीकों' पर दो चर्चाओं में भी योगदान दिया। डॉ. मनीषा वाजपेयी की इस उपलब्धि के लिए चेयरपर्सन राहुल अग्रवाल,प्रीति अग्रवाल, पीएमयू के प्रेसिडेन्ट डॉ.एम.एम.मंगल ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की । डॉ.मनीषा ने इस उपलब्धि से न केवल अपने संस्थान बल्कि पूरे इनफर्टिलिटी विशेषज्ञ समुदाय में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। उनकी यह उपलब्धि चिकित्सा क्षेत्र में एक